दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001

(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549

: 9792987700

e-mail : dnpggkp@gmail.com

website : www.dnpgcollege.edu.in

पत्रांक : / 2026–27 दिनांक 12.11.2026

संशोधित सूचना

छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति सम्बन्धी सूचना

महाविद्यालय में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश सरकार छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना 2026–27 हेतु **ऑनलाइन आवेदन करने की विस्तारित अंतिम तिथि 13 नवम्बर, 2026, सांय 04.00 बजे** तक है। छात्रवृत्ति आवेदन पत्र भरने हेतु सर्वप्रथम विद्यार्थियों को OTR फार्म ऑनलाइन भरना होगा। वे विद्यार्थी जिन्होंने पिछले वर्ष (सत्र 2025–26) में ऑनलाइन आवेदन किया था वे नवीनीकरण (Renewal) के माध्यम से छात्रवृत्ति आवेदन फार्म भरेंगे, जबकि नये विद्यार्थी जिन्होंने प्रथम वर्ष में प्रवेश लिया है या जिन्होंने पिछले वर्ष आवेदन नहीं किया था वे नवीन (Fresh) फार्म भरेंगे। आनलाईन आवेदन मे बी.ए./बी.एस.सी./बी.काम के प्रथम वर्ष के विद्यार्थी 4 वर्षीय कोर्स अंकित करेंगें। द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थी, जो नवीन (Fresh) आवेदन करेंगें, वे 3 वर्षीय कोर्स अंकित करेंगें। छात्रवृत्ति फार्म भरने वाले विद्यार्थियों के पास डिजीलाकर एकाउण्ट होना आवश्यक है। छात्रवृत्ति आवेदन पत्र की हार्डकापी महाविद्यालय में फाइनल प्रिंट **विलम्बतः 13 नवम्बर, 2026, सांय 04.00 बजे** तक निम्नलिखित आवश्यक संलग्नकों सहित अवश्य जमा कर दें। उसके उपरान्त फार्म जमा कर पाना सम्भव नहीं होगा।

1. इस सूचना के साथ संलग्न प्रारूप को छात्रवृत्ति फार्म के साथ सबसे ऊपर संलग्न करें।
2. आपार (APAAR ID) की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
3. प्रवेश रसीद की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
4. आधार सीडेड/लिंक्ड बैंक पासबुक की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
5. समस्त शैक्षिक प्रमाण–पत्र एवं अंकपत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
6. जाति एवं निवास प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
7. आय प्रमाण–पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति। (पिता के नाम का आय प्रमाण पत्र। पिता की मृत्यु की दशा में माता के नाम का आय प्रमाण–पत्र। माता व पिता की मृत्यु की दशा में वैधानिक संरक्षक के नाम आय प्रमाण–पत्र, नोटरी शपथ–पत्र के साथ। विवाहित छात्रा की दशा में उसके पति के नाम का आय प्रमाण–पत्र।)
8. आधार की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
9. आवासीय छात्रों के छात्रावास की रसीद की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
10. अन्तराल (GAP) के सम्बन्ध में नोटरी शपथ–पत्र ।

दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001

(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549

: 9792987700

e-mail : dnpggkp@gmail.com

website : www.dnpgcollege.edu.in

दशमोत्तर छात्रवृत्ति बेवसाइट का लिंक – https://scholarship.up.gov.in/

बेवसाइट पर महाविद्यालय का नाम – D.V.N.D.C. COLLEGE, GORAKHPUR

नोट–

1. दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति सत्र 2026–27 के आवेदन–पत्र को भरते समय गतवर्ष के विवरण का पूर्णांक/प्राप्तांक को अधिकतम सीजीपीए 10 मानते हुए 100 से गुणा कर प्राप्तांक/पूर्णांक 1000 में प्राप्त होगा। (उदाहरण : सीजीपीए. 7.92/10 को 792/1000 समझा जाए।)
2. आवेदन करते समय निम्नलिखित सारणी/सूची के अनुसार ही शुल्क अंकित करें।

नान रिफण्डेबिल शुल्क निम्नवत है–

क्रम.स.	कक्षा	शुल्क/धनराशि
1	बी.ए./ बी.एससी./ बी.काम.–1, 2, 3	5000
2	बी.सी.ए.–1, 2, 3	14775
3	बी.एड.–1	7300
4	बी.एड–2	7500
5	एम.ए.–1 प्राचीन इतिहास	5274
6	एम.ए.–2 प्राचीन इतिहास	5874
7	एम.ए.–1, 2 – हिन्दी/ भूगोल/ समाजशास्त्र/ समाजशास्त्र/ राजनीतिशास्त्र/ शिक्षाशास्त्र/	8000
8	एम.काम.–1, 2	8000
9	एम.एससी.–1, 2 रसायन विज्ञान/ गणित	8000

महाविद्यालय द्वारा गठित जॉच समिति के द्वारा आवेदन–पत्र के जॉच के उपरान्त सभी कार्यदिवसों में निम्नांकित विवरण के अनुसार छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति आवेदन श्री गोरख प्रसाद, वरिष्ठ कार्यालय सहायक के पास जमा किया जायेगा–

वर्ग	दिवस
सामान्य वर्ग	सोमवार, मंगलवार
अन्य पिछड़ा वर्ग	बुधवार, गुरूवार, शुक्रवार
अनुसूचित जाति/जनजाति/अल्पसंख्यक	शुक्रवार, शनिवार

डॉ. सुभाष चन्द्र
नोडल अधिकारी

प्रो.(डॉ.) ओम प्रकाश सिंह
प्राचार्य